दिन– बुधवार

दिनांक– 22 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधि– 15 मिनट

---

01. राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने किया वायदा, महागठबंधन की सरकार बनने पर संविदाकर्मियों और जीविका दीदियों को सरकारी कर्मचारी का दिया जाएगा दर्जा। भाजपा ने इसे खोखला वायदा बताया।

02 महागठबंधन में तालमेल नहीं होने के कारण बारह विधानसभा क्षेत्रों में घटक दलों के प्रत्याशी एक–दूसरे के खिलाफ चुनाव मैदान में।

03. चुनाव प्रचार अभियान हुआ तेज। जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गोपालगंज और सीवान में चुनावी सभाओं को किया संबोधित।

04. राजद, कांग्रेस और वामपंथी दलों के नेताओं समेत महागठबंधन के विभिन्न घटक दलों के नेता अपने–अपने उम्मीदवारों के समर्थन में कर रहे हैं चुनावी सभाएं।

05. और, गलत जाति प्रमाण पत्र देने के कारण मोहनिया सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र से राजद उम्मीदवार श्वेता सुमन का नामांकन पर्चा रद्द।

---

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि महागठबंधन की सरकार बनने पर संविदाकर्मियों और जीविका दीदियों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाएगा। आज पटना में संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि जीविका समूह की सीएम दीदियों को भी स्थाई दर्जा दिया जाएगा और उनका वेतन दस हजार रुपये से बढ़ाकर तीस हजार रुपये कर दिया जाएगा। साथ ही जीविका दीदी के सभी कैडर का पांच लाख रुपये तक का बीमा करवाया जाएगा। श्री यादव ने हर घर सरकारी नौकरी के वायदे को भी दोहराया।

–––बाइट–––

---

भारतीय जनता पार्टी ने राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव की घोषणाओं पर पलटवार करते हुए कहा है कि नौकरी के नाम पर जमीन लेने वाले लोग आज नौकरी देने की बात करते हैं। पार्टी प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने नई दिल्ली में कहा कि बिहार के लोग अब जागरूक हैं और इस तरह के झूठे वायदों के झांसे में नहीं आयेंगे।

–––बाइट–––

इधर, पार्टी के वरिष्ठ नेता और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि तेजस्वी प्रसाद यादव की घोषणाएं सिर्फ भ्रम फैलाने के लिए है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि राजद ने अपने शासनकाल में एक लाख लोगों को भी नौकरी नहीं दिया।

———बाइट———

---

जदयू ने तेजस्वी प्रसाद यादव की घोषणाओं पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि जो वायदे वे अब कर रहें हैं, उसे नीतीश के नेतृत्व वाली सरकार पूरा कर चुकी है। पार्टी के वरिष्ठ नेता के.सी. त्यागी ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार ने हर क्षेत्र में अपने कामों से देश को एक नई दिशा दिखाई है।

———बाइट———

---

लोक जशक्ति पार्टी, रामविलास के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि महागठबंधन के घटक दल सिर्फ लोभ–लुभावन वायदे कर रहे हैं। इन पर बिहार की जनता विश्वास करने नहीं जा रही है।

---

विधानसभा चुनाव में महागठबंधन के घटक दलों ने दो सौ तैंतालीस सीटों पर दो सौ पचपन उम्मीदवार उतारे हैं। घटक दल बारह सीटों पर एक–दूसरे को चुनौती दे रहे हैं। एक रिपोर्ट.....

———रिपोर्ट———

05 सीटों पर राजद और कांग्रेस दोनों पार्टियों के प्रत्याशियों के बीच मुकाबला है। ये सीटें हैं– सिकंदरा, कहलगांव, सुल्तानगंज, वैशाली और वारिसलीगंज। इसके अलावा 04 ऐसी सीटें हैं, जहां कांग्रेस और सीपीआई के उम्मीदवार आमने–सामने हैं। ये सीटें हैं–बछवाड़ा, करगहर, बिहारशरीफ और राजापाकड़। वहीं, राजद और वीआईपी दो विधानसभा क्षेत्रों बाबूबरही और चैनपुर में एक–दूसरे को चुनौती दे रहे हैं। वहीं, बेलदौर सीट पर कांग्रेस और इंडियन इंक्लूसिव पार्टी के उम्मीदवार एक–दूसरे के आमने–सामने हैं। समाचार कक्ष से अभिषेक दास।

---

महागठबंधन में जारी खींचतान के बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और चुनाव पर्यवेक्षक अशोक गहलोत और प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावरू ने आज पटना में राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद और राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव से मुलाकात की। बाद में

पत्रकारों से बातचीत में श्री अल्लावरु ने कहा कि बैठक में आगे की रणनीति को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि कल महागठबंधन के प्रेस कॉन्फ्रेंस में सभी विषयों पर जानकारी साझा की जाएगी।

---बाइट---.

पत्रकारों से बातचीत में श्री गहलोत ने कहा कि महागठबंधन में सब कुछ ठीक है। एक बड़े गठबंधन के अंदर कुछ सीटों पर फ्रेंडली फाइट की स्थिति बनती है, तो यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है।

---बाइट---

---

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि महागठबंधन में जब नाजुक स्थिति उत्पन्न हो गयी है, तब कांग्रेस के वरिष्ठ चुनाव पर्यवेक्षक अशोक गहलोत हालात को काबू करने की कोशिश में जुटे हैं। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री पासवान ने कहा कि इससे पता चलता है कि पार्टी चुनाव को लेकर कितनी गंभीर है।

---बाइट---

---

राजद के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद अनिल सहनी पार्टी प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हो गए हैं। श्री सहनी ने राजद के प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल को भेजे पत्र में पार्टी में दलितों और अति पिछड़ों की उपेक्षा का आरोप लगाया।

---

विधानसभा चुनाव को लेकर चुनाव प्रचार अभियान तेज हो गया है। जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज गोपालगंज के हथुआ और सीवान के बड़हरिया में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। श्री कुमार ने कहा कि दो हजार पांच में सत्ता संभालने के बाद उन्होंने बिहार के विकास के लिए कई काम किये। श्री कुमार ने लोगों से एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में मतदान की अपील की।

---बाइट---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चौबीस अक्टूबर को समस्तीपुर और बेगूसराय में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। वहीं, पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी उसी दिन सीवान और बक्सर में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। इधर, महागठबंधन के विभिन्न घटक दल राजद, कांग्रेस, वीआईपी और वामपंथी दलों ने भी अपने–अपने उम्मीदवारों के समर्थन में प्रचार अभियान तेज कर दिया है।

---

विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के लिए उम्मीदवार कल तक अपना नामांकन का पर्चा वापस ले सकते हैं। इस चरण के लिए दो हजार छह सौ से अधिक नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं। दूसरे चरण के तहत ग्यारह नवंबर को बीस जिलों के एक सौ बाईस निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होना है।

---

मोहनिया सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र से राष्ट्रीय जनता दल उम्मीदवार श्वेता सुमन का नामांकन पर्चा रद्द कर दिया गया है। उनपर गलत जाति प्रमाण पत्र के आधार पर आरक्षण का लाभ लेने का आरोप है। पत्रकारों से बातचीत में श्वेता सुमन ने अपने साथ भेद–भाव करने का आरोप लगाया।

–––बाइट–––

गौरतलब है कि इससे पहले भी पूर्वी चम्पारण जिले के सुगौली विधानसभा क्षेत्र से वीआईपी उम्मीदवार शशिभूषण सिंह का नामांकन पत्र रद्द कर दिया गया था। महागठबंधन के दो उम्मीदवारों के नामांकन पर्च रद्द हो चुके हैं। साथ ही सारण जिले के मढ़ौरा विधानसभा क्षेत्र से एनडीए के घटक लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास की प्रत्याशी सीमा सिंह का भी नामांकन तकनीकी कारणों से रद्द किया जा चुका है।

---

प्रदेशभर में छठ महापर्व की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस बार पटना नगर निगम क्षेत्र में एक सौ तिरेपन घाटों और तालाबों पर छठव्रती अर्घ्य अर्पित करेंगे। नगर आयुक्त यशपाल मीणा ने बताया कि घाटों तक एप्रोच रोड बनाए जा रहे हैं और बांस–बल्लों से बैरिकेडिंग की जा रही है। जिला मुख्यालयों से हमारे

संवाददाताओं ने बताया कि प्रशासन के स्तर पर छठ घाटों की तैयारियों को लेकर तेजी से काम चल रहा है।

---

पूर्व मध्य रेल के अधिकार क्षेत्र से त्योहारी सीजन में एक हजार आठ सौ से अधिक रेलगाड़ियों का परिचालन किया जा रहा है। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए भी रेलवे ने विशेष प्रबंध किये हैं।

---बाइट---

---

गोवर्धन पूजा का त्योहार आज पारम्परिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर गौपालक अपने गायों की पूजा कर रहे हैं। कई जगहों पर पारम्परिक खेलों का भी आयोजन किया जा रहा है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को गोवार्धन पूजा की शुभकामनाएं दी हैं।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने किया वायदा, महागठबंधन की सरकार बनने पर संविदाकर्मियों और जीविका दीदियों को सरकारी कर्मचारी का दिया जाएगा दर्जा। भाजपा ने इसे खोखला वायदा बताया।

02 महागठबंधन में तालमेल नहीं होने के कारण बारह विधानसभा क्षेत्रों में घटक दलों के प्रत्याशी एक–दूसरे के खिलाफ चुनाव मैदान में।

03. चुनाव प्रचार अभियान हुआ तेज। जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गोपालगंज और सीवान में चुनावी सभाओं को किया संबोधित।

04. राजद, कांग्रेस और वामपंथी दलों के नेताओं समेत महागठबंधन के विभिन्न घटक दलों के नेता अपने–अपने उम्मीदवारों के समर्थन में कर रहे हैं चुनावी सभाएं।

05. और, गलत जाति प्रमाण पत्र देने के कारण मोहनिया सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र से राजद उम्मीदवार श्वेता सुमन का नामांकन पर्चा रद्द।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।